# बिहार विधान सभा सचिवालय

## आह्वान-पत्र

पत्र संख्या-कार्य०का०सू०-01/2026- 112 /वि०स० ।

प्रेषक,

राजीव कुमार
निदेशक,
बिहार विधान सभा, पटना ।

सेवा में,

**माननीय सदस्यगण,**
बिहार विधान सभा,
(माननीय मुख्यमंत्री / माननीय उप मुख्यमंत्रीगण / माननीय मंत्रीगण सहित)

पटना, दिनांक- 15 जनवरी, 2026 ई० ।

महोदय/महोदया,

निदेशानुसार सूचित करना है कि बिहार के माननीय राज्यपाल ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 174 के खण्ड (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार विधान सभा को बिहार विधान सभा वेश्म, पटना में दिनांक 02 फरवरी, 2026 को 11.00 बजे पूर्वाह्न में अधिवेशित होने के लिए आहूत किया है ।

इस संबंध में माननीय राज्यपाल द्वारा जारी आदेश के आलोक में संसदीय कार्य विभाग द्वारा निर्गत अधिसूचना संख्या-सं०का०-1/वि०मं०(सत्र)01-01/2026-67, दिनांक-14.01.2026 की प्रति पार पृष्ठ पर अंकित है ।

अत: बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-3 के अधीन मैं आपसे उक्त निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होने के लिए अनुरोध करता हूँ ।

विश्वासभाजन,

15/1/26
(राजीव कुमार)
निदेशक,
बिहार विधान सभा, पटना ।

**बिहार सरकार**

**संसदीय कार्य विभाग**

**:: अधिसूचना ::**

पटना, दिनांक- 14.01.2026

संख्या-सं०का०-1/वि०मं०(सत्र)01-01/2026-67/ बिहार राज्यपाल का दिनांक 13.01.2026 का निम्नलिखित आदेश सर्वसाधारण के सूचना के लिए इसके द्वारा प्रकाशित किया जाता है :-

''भारत के संविधान के अनुच्छेद 174 के खण्ड (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं, आरिफ मोहम्मद खां, बिहार का राज्यपाल, इसके द्वारा बिहार विधान सभा को दिनांक 02 फरवरी, 2026 को 11.00 बजे पूर्वाह्न में बिहार विधान सभा वेश्म, पटना में अधिवेशित होने के लिए आहूत करता हूँ ।

आरिफ मोहम्मद खां,
राज्यपाल, बिहार ।''

दिनांक 13.01.2026

ह०/-

(राजेश कुमार)
सरकार के अपर सचिव ।

# بہار قانون ساز اسمبلی سکریٹریٹ

## دعوت نامہ

مکتوب نمبر۔ پرو، فہرست امور---112---01/2026/ق۔س۔ا

منجانب،

راجیو کمار

ڈائرکٹر،

بہار قانون ساز اسمبلی، پٹنہ۔

بخدمت،

معزز اراکین حضرات،

بہار قانون ساز اسمبلی، پٹنہ

(معزز وزیر اعلیٰ / معزز نائبین وزیر اعلیٰ / بشمول معزز وزرا حضرات)

پٹنہ، مورخہ- 15 جنوری، 2026 عیسوی۔

محترم المحترمہ،

حسب ہدایت مجھے مطلع کرنا ہے کہ بہار کے معزز گورنر نے دستور ہند کی دفعہ 174 کے جزو (1) کے ذریعہ تفویض کردہ اختیارات کا استعمال کرتے ہوئے بہار قانون ساز اسمبلی کو اسمبلی ہال، پٹنہ میں مورخہ 02 فروری، 2026 کو 11.00 بجے دن میں اجلاس کے انعقاد کے لئے مدعو کیا ہے۔

اس سلسلے میں معزز گورنر کے ذریعہ جاری حکم کے مد نظر میں محکمہ پارلیمانی امور کے ذریعہ جاری علامیہ نمبر۔ پارلیمانی امور-1/ق۔س۔(اجلاس)/ 67-2026 /01-01، مورخہ 14.01.2026 کی کاپی پشت صفحہ پر درج ہے۔

لہذا بہار قانون ساز اسمبلی کے ضابطہ نامہ، طریق کار و دستور العمل کے ضابطہ۔3 کے تحت میں آپ سے مذکورہ مقررہ تاریخ، وقت و مقام پر حاضر ہونے کے لئے گزارش کرتا ہوں۔

مخلص،

راجیو کمار

ڈائرکٹر

بہار قانون ساز اسمبلی، پٹنہ۔

اردو ترجمہ : اُر۔ 01/2026 "اردو شعبہ" بہار قانون ساز اسمبلی، پٹنہ

(ذوالفقار علی)

اسسٹنٹ ڈائرکٹر

بہار قانون ساز اسمبلی، پٹنہ

# بہار سرکار

## محکمہ پارلیمانی امور

## :: علامیہ ::

پٹنہ،مورخہ 14.01.2026

نمبر۔ پارلیمانی امور-1 / ق ۔س ۔(اجلاس)/ 2026-67 / 01-01-01 بہار کے گورنر کا مورخہ 13.01.2026 کا مندرجہ ذیل حکم نامہ عام لوگوں کی اطلاع کے لئے اس کے ذریعہ شائع کیا جاتا ہے :۔

''دستور ہند کی دفعہ 174 کے جزو(1) کے ذریعہ تفویض کردہ اختیارات کا استعمال کرتے ہوئے میں، عارف محمد خاں، بہار کا گورنر، اس کے ذریعہ بہار قانون ساز اسمبلی کو مورخہ 02 فروری، 2026 کو 11.00 بجے دن میں بہار قانون ساز اسمبلی ہال، پٹنہ میں اجلاس کے انعقاد کے لئے مدعو کرتا ہوں۔

عارف محمد خاں،

گورنر، بہار۔''

پٹنہ،

مورخہ 13.01.2026

دستخط/-

راجیش کمار

سرکار کے اڈیشنل سکریٹری

# बिहार विधान सभा सचिवालय

पत्र संख्या-कार्य०का०सू०-01/2026- 113 /वि०स० ।

प्रेषक,

राजीव कुमार
निदेशक,
बिहार विधान सभा, पटना ।

सेवा में,

माननीय सदस्यगण,
बिहार विधान सभा,
(माननीय मुख्यमंत्री / माननीय उप मुख्यमंत्रीगण / माननीय मंत्रीगण सहित)

पटना, दिनांक- 15 जनवरी, 2026 ई० ।

विषय:- भारत के संविधान के अधीन गठित अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र (फरवरी, 2026) का औपबंधिक कार्यक्रम ।

महोदय/महोदया,

सभा सचिवालय के पत्रांक कार्य०का०सू०-01/2026- 112 /वि०स०, पटना, दिनांक-15 जनवरी, 2026 के क्रम में निदेशानुसार मैं अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के औपबंधिक कार्यक्रम की एक प्रति संलग्न कर रहा हूँ, जिसमें यह दर्शाया गया है कि उक्त सत्र में होने वाली सभा की बैठकों में भिन्न-भिन्न कोटि के कार्यों के लिए कौन-कौन सी तिथियाँ नियत की गयी है:-

1. तिथि 02 फरवरी, 2026 को (1) शपथ या प्रतिज्ञान ग्रहण (यदि हो) होगा; (2) 11.30 बजे पूर्वा० में भारत के संविधान के अनुच्छेद 176 (1) सह पठित बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-6 के अधीन बिहार विधान मंडल के विस्तारित भवन के सेन्ट्रल हॉल में बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों के एक साथ समवेत बैठक में माननीय राज्यपाल का अभिभाषण होगा; (3) भारत के संविधान के अनुच्छेद 213 (1) सह पठित बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-140 के अन्तर्गत राज्यपाल महोदय द्वारा प्रख्यापित अध्यादेश की प्रमाणीकृत प्रति (यदि हो) सभा पटल पर रखी जाएगी तथा आर्थिक सर्वेक्षण का प्रस्तुतीकरण होगा । तदुपरान्त शोक प्रकाश लिए जायेंगे ।

2. तिथि 03 फरवरी, 2026 को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए आय-व्ययक का उपस्थापन होगा, तदुपरान्त माननीय राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर वाद-विवाद होगा ।

3. तिथि 05 फरवरी, 2026 को माननीय राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर वाद-विवाद एवं सरकार का उत्तर होगा ।

4. तिथि 06 फरवरी, 2026 को वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्ययक पर सामान्य विमर्श होगा ।

5. तिथि 09 फरवरी, 2026 को वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्ययक पर सामान्य विमर्श एवं सरकार का उत्तर होगा तदुपरान्त वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक से संबंधित तृतीय अनुपूरक व्यय विवरणी का उपस्थापन होगा ।

बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 176 (6) परन्तुक के साथ वाचित नियम-24 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक से संबंधित तृतीय अनुपूरक व्यय-विवरणी में सम्मिलित किसी मांग पर कटौती प्रस्तावों की सूचना देने की अन्तिम तिथि 09 फरवरी, 2026 (3.00 बजे अप० तक सचिव के कार्यालय कक्ष) नियत की गयी है ।

6. तिथि 10 फरवरी, 2026 को वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्ययक के अनुदानों की मांगों पर वाद-विवाद तथा मतदान होगा ।

7. तिथि 11 फरवरी, 2026 को वित्तीय वर्ष 2025-26 की तृतीय अनुपूरक व्यय-विवरणी पर वाद-विवाद, सरकार का उत्तर एवं तत्संबंधी विनियोग विधेयक का व्यवस्थापन होगा ।

8. तिथि 12, 13, 16, 17, 18, 19 एवं 20 फरवरी, 2026 को वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्ययक के अनुदानों की मांगों पर वाद-विवाद तथा मतदान के लिए निर्धारित है । इसपर कटौती प्रस्ताव की सूचना देने की अंतिम तिथि के संबंध में सूचनाएँ बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-173 (3) के साथ वाचित नियम-24 के अन्तर्गत अलग से परिचारित की जा रही है ।

9. तिथि 23 फरवरी, 2026 को वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्ययक से संबंधित विनियोग विधेयक पर वाद-विवाद तथा सरकार का उत्तर होगा ।

10. तिथि 24 एवं 26 फरवरी, 2026 को राजकीय विधेयकों का व्यवस्थापन होगा एवं अन्य राजकीय कार्य लिये जायेंगे ।

## गैर सरकारी सदस्यों के कार्य

## (गैर सरकारी संकल्प)

11. तिथि 25 एवं 27 फरवरी, 2026 गैर सरकारी सदस्यों के कार्य (गैर सरकारी संकल्प) के लिए नियत की गई है ।

बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-150 के अनुसार गैर सरकारी संकल्पों की सूचना देने की अंतिम तिथि गैर सरकारी संकल्प के व्यवस्थापन हेतु नियत तिथि से 15 (पन्द्रह) दिन पूर्व निर्धारित है ।

अतएव तत्प्रयोजनार्थ केवल वे ही संकल्प (गैर सरकारी) लिए जायेंगे जिनके संबंध में सूचनाएं निम्न अनुसूची में उल्लिखित तिथि तक प्राप्त हो जाए:-

अनुसूची

| गैर सरकारी संकल्प के लिए नियत दिनांक | संकल्प की सूचना देने के लिए अंतिम दिनांक | शलाका के लिए नियत दिनांक |
|---|---|---|
| बुधवार, दिनांक 25 फरवरी, 2026 | मंगलवार, दिनांक 10 फरवरी, 2026 को 3.00 बजे अप० तक | मंगलवार, दिनांक 17 फरवरी, 2026 (5.00 बजे अप०) |
| शुक्रवार, दिनांक 27 फरवरी, 2026 | वृहस्पतिवार, दिनांक 12 फरवरी, 2026 को 3.00 बजे अप० तक | वृहस्पतिवार, दिनांक 19 फरवरी, 2026 (5.00 बजे अप०) |

मैं इस संबंध में आपका ध्यान बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-151 की ओर भी आकृष्ट करता हूँ जिसके अनुसार किसी सदस्य को गैर सरकारी संकल्पों के निबटाव के निमित निश्चित हर दिन के लिए एक से अधिक संकल्प की सूचना नहीं देने का प्रावधान है ।

12. प्रश्न-

(क) प्रश्नों की सूचनाएँ देने के लिए चक्रानुवर्तित क्रम की सारणी अलग से परिचारित की जा रही है ।

(ख) विगत सत्रों में अपनायी गयी प्रक्रिया के अनुसार अल्प-सूचित एवं तारांकित प्रश्नों की प्राथमिकता शलाका द्वारा निर्धारित की जाएगी ।

13. सत्र में भिन्न-भिन्न कोटि के कार्यों के लिए उपर्युक्त नियत तिथियाँ ऐसे परिवर्तनों के अधीन है, जो समय-समय पर सदन में अभिज्ञापित किये जाय अथवा दैनिक कार्य-सूची में दिखाए जायँ ।

14. यदि किसी कारणवश तिथि 27 फरवरी, 2026 के पश्चात् भी सत्र चलाना आवश्यक प्रतीत हुआ, तो भिन्न-भिन्न कार्यों के निपटारे के लिए भिन्न-भिन्न तिथियाँ नियत करते हुए एक अनुपूरक कार्यक्रम बाद में निर्गत किया जायेगा ।

अत: अनुरोध है कि सभा सचिवालय से समय-समय पर प्रेषित कार्य-सूची सहित अन्य ऐसे कागजात को अवश्य साथ लाने की कृपा करेंगे जो सत्रावधि में निदेश के लिए आपको आवश्यक प्रतीत हो ।

विश्वासभाजन,

15/1/26

(राजीव कुमार)
निदेशक,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-कार्य०का०सू०-01/2026- 113 /वि०स०, पटना, दिनांक- 15 जनवरी, 2026 ई० ।

प्रतिलिपि :- आप्त सचिव, अध्यक्षीय कार्यालय / आप्त सचिव, उपाध्यक्षीय कार्यालय / प्रधान आप्त सचिव, सचिवीय कार्यालय को क्रमश: माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय एवं प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

15/1/26

(राजीव कुमार)
निदेशक,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-कार्य०का०सू०-01/2026- 113 /वि०स०, पटना, दिनांक- 15 जनवरी, 2026 ई० ।

प्रतिलिपि :- बिहार विधान सभा के निदेशकगण / उप सचिवगण / श्रव्य एवं दृश्य इकाई, बिहार विधान सभा को सूचनार्थ प्रेषित ।

15/1/26

(राजीव कुमार)
निदेशक,
बिहार विधान सभा, पटना ।

## <u>भारत के संविधान के अधीन गठित अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय–सत्र का औपबंधिक कार्यक्रम</u>

**फरवरी–2026**

| | |
|---|---|
| सोमवार, दिनांक 02 फरवरी, 2026 | 1. शपथ या प्रतिज्ञान ग्रहण (यदि हो)।<br>2. भारत के संविधान के अनुच्छेद–176 (1) के अधीन 11.30 बजे पूर्वाह्न में बिहार विधान मंडल के विस्तारित भवन के सेन्ट्रल हॉल में बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों के एक साथ समवेत बैठक में माननीय राज्यपाल का अभिभाषण।<br>3. बिहार विधान मंडल के सत्र में नहीं रहने की अवधि में माननीय राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित अध्यादेशों की प्रमाणीकृत प्रतियों का सदन पटल पर रखा जाना (यदि हो)।<br>4. आर्थिक सर्वेक्षण का प्रस्तुतीकरण।<br>5. शोक प्रकाश (यदि हो)। |
| मंगलवार, दिनांक 03 फरवरी, 2026 | 1. वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए आय–व्ययक का उपस्थापन।<br>2. माननीय राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर वाद–विवाद। |
| बुधवार, दिनांक 04 फरवरी, 2026 | बैठक नहीं होगी (शब–ए–बरात)। |
| वृहस्पतिवार, दिनांक 05 फरवरी, 2026 | माननीय राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर वाद–विवाद एवं सरकार का उत्तर। |
| शुक्रवार, दिनांक 06 फरवरी, 2026 | वित्तीय वर्ष 2026–27 के आय–व्ययक पर सामान्य विमर्श। |
| शनिवार, दिनांक 07 फरवरी, 2026<br>रविवार, दिनांक 08 फरवरी, 2026 | बैठक नहीं होगी। |
| सोमवार, दिनांक 09 फरवरी, 2026 | 1. वित्तीय वर्ष 2026–27 के आय–व्ययक पर सामान्य विमर्श एवं सरकार का उत्तर।<br>2. वित्तीय वर्ष 2025–26 के आय–व्ययक से संबंधित तृतीय अनुपूरक व्यय विवरणी का उपस्थापन। |
| मंगलवार, दिनांक 10 फरवरी, 2026 | वित्तीय वर्ष 2026–27 के आय–व्ययक के अनुदानों की मांगों पर वाद–विवाद तथा मतदान। |
| बुधवार, दिनांक 11 फरवरी, 2026 | वित्तीय वर्ष 2025–26 की तृतीय अनुपूरक व्यय–विवरणी पर वाद–विवाद, सरकार का उत्तर एवं तत्संबंधी विनियोग विधेयक। |
| वृहस्पतिवार, दिनांक 12 फरवरी, 2026<br>शुक्रवार, दिनांक 13 फरवरी, 2026 | वित्तीय वर्ष 2026–27 के आय–व्ययक के अनुदानों की मांगों पर वाद–विवाद तथा मतदान। |

| | |
|---|---|
| शनिवार, दिनांक 14 फरवरी, 2026<br>रविवार, दिनांक 15 फरवरी, 2026 | बैठक नहीं होगी। |
| सोमवार, दिनांक 16 फरवरी, 2026<br>मंगलवार, दिनांक 17 फरवरी, 2026<br>बुधवार, दिनांक 18 फरवरी, 2026<br>वृहस्पतिवार, दिनांक 19 फरवरी, 2026<br>शुक्रवार, दिनांक 20 फरवरी, 2026 | वित्तीय वर्ष 2026–27 के आय–व्ययक के अनुदानों की मांगों पर वाद–विवाद तथा मतदान। |
| शनिवार, दिनांक 21 फरवरी, 2026<br>रविवार, दिनांक 22 फरवरी, 2026 | बैठक नहीं होगी। |
| सोमवार, दिनांक 23 फरवरी, 2026 | वित्तीय वर्ष 2026–27 के आय–व्ययक से संबंधित विनियोग विधेयक पर वाद–विवाद तथा सरकार का उत्तर। |
| मंगलवार, दिनांक 24 फरवरी, 2026 | राजकीय विधेयक एवं अन्य राजकीय कार्य। |
| बुधवार, दिनांक 25 फरवरी, 2026 | गैर सरकारी सदस्यों के कार्य (गैर सरकारी संकल्प)। |
| वृहस्पतिवार, दिनांक 26 फरवरी, 2026 | राजकीय विधेयक एवं अन्य राजकीय कार्य। |
| शुक्रवार, दिनांक 27 फरवरी, 2026 | गैर सरकारी सदस्यों के कार्य (गैर सरकारी संकल्प)। |

* * * * * * *

- माननीय राज्यपाल का अभिभाषण – 01 कार्य दिवस
- माननीय राज्यपाल के अभिभाषण पर वाद–विवाद – 02 कार्य दिवस
- 2026–27 के आय व्ययक पर सामान्य विमर्श – 02 कार्य दिवस
- वित्तीय वर्ष 2025–26 की तृतीय अनुपूरक व्यय–विवरणी पर वाद–विवाद, सरकार का उत्तर एवं तत्संबंधी विनियोग विधेयक–01 कार्य दिवस
- वित्तीय वर्ष 2026–27 के आय–व्ययक के अनुदानों की मांगों पर वाद–विवाद एवं तत्संबंधी विनियोग विधेयक –08+1=09 कार्य दिवस
- राजकीय विधेयक एवं अन्य राजकीय कार्य – 02 कार्य दिवस
- गैर सरकारी सदस्यों के कार्य (गैर सरकारी संकल्प) – 02 कार्य दिवस
- कुल बैठक – 19 कार्य दिवस।

---

# دستور ہند کے تحت تشکیل شدہ اٹھارھویں بہار قانون ساز اسمبلی کے

## دوسرے اجلاس کا عارضی پروگرام

## فروری-2026

| | | |
|---|---|---|
| سوموار، مورخہ 02 فروری، 2026 | -1 | حلف یا عہد برداری (اگر ہوں) |
| | -2 | دستور ہند کی دفعہ (1)176 کے تحت 11:30 بجے دن میں بہار قانون سازیہ کے توسیعی عمارت کے سنٹرل ہال میں بہار قانون سازیہ کے دونوں ایوانوں کا مشترکہ نشست میں معزز گورنر کا خطبہ۔ |
| | -3 | بہار قانون سازیہ کے اجلاس میں نہیں رہنے کی مدت میں معزز گورنر کے ذریعہ مستقر فرامین کی مصدقہ کاپیوں کا ایوان کے میز پر رکھا جانا (اگر ہوں)۔ |
| | -4 | اقتصادی سروے کی پیشی۔ |
| | -5 | اظہار تعزیت (اگر ہوں)۔ |
| منگل، مورخہ 03 فروری، 2026 | -1 | مالی سال 27-2026 کے لئے آمد وخرچ کی پیشی۔ |
| | -2 | معزز گورنر کے خطبہ کے شکریہ کی تجویز پر بحث ومباحثہ۔ |
| بدھ، مورخہ 04 فروری، 2026 | - | نشست نہیں ہوگی (شب بارات) |
| جمعرات، مورخہ 05 فروری، 2026 | | معزز گورنر کے خطبہ کے شکریہ کی تجویز پر بحث ومباحثہ اور سرکار کا جواب۔ |
| جمعہ، مورخہ 06 فروری، 2026 | | مالی سال 27-2026 کے آمد وخرچ پر عام تبادلہ خیال۔ |
| سنیچر، مورخہ 07 فروری، 2026<br>اتوار، مورخہ 08 فروری، 2026 | } | نشست نہیں ہوگی۔ |
| سوموار، مورخہ 09 فروری، 2026 | -1 | مالی سال 27-2026 کے آمد وخرچ پر عام تبادلہ خیال اور سرکار کا جواب۔ |
| | -2 | مالی سال 26-2025 کے آمد وخرچ سے متعلق تیسرے تتمہ تفصیل اخراجات کی پیشی |
| منگل، مورخہ 10 فروری، 2026 | | مالی سال 27-2026 کے آمد وخرچ کے مطالبات زر پر بحث ومباحثہ اور ووٹنگ۔ |
| بدھ، مورخہ 11 فروری، 2026 | | مالی سال 26-2025 کے تیسرے تتمہ تفصیل اخراجات پر بحث ومباحثہ، سرکار کا جواب اور اس سے متعلق تصرف بل۔ |
| جمعرات، مورخہ 12 فروری، 2026<br>جمعہ، مورخہ 13 فروری، 2026 | } | مالی سال 27-2026 کے آمد وخرچ کے مطالبات زر پر بحث و مباحثہ اور ووٹنگ۔ |
| سنیچر، مورخہ 14 فروری، 2026<br>اتوار، مورخہ 15 فروری، 2026 | } | نشست نہیں ہوگی۔ |

| | |
|---|---|
| سوموار، مورخہ 16 فروری، 2026<br>منگل، مورخہ 17 فروری، 2026<br>بدھ، مورخہ 18 فروری، 2026<br>جمعرات، 19 فروری، 2026<br>جمعہ، مورخہ 20 فروری، 2026 | مالی سال 27-2026 کے آمدوخرچ کے مطالبات زر پر بحث ومباحثہ اور ووٹنگ۔ |
| سنیچر، مورخہ 21 فروری، 2026<br>اتوار، مورخہ 22 فروری، 2026 | نشست نہیں ہوگی۔ |
| سوموار، مورخہ 23 فروری، 2026 | مالی سال 27-2026 کے آمدوخرچ سے متعلق تصرف بل پر بحث ومباحثہ اور سرکار کا جواب۔ |
| منگل، مورخہ 24 فروری، 2026 | سرکاری بل اور دیگر سرکاری امور۔ |
| بدھ، مورخہ 25 فروری، 2026 | غیر سرکاری اراکین کے امور (غیر سرکاری عہد)۔ |
| جمعرات، ، مورخہ 26 فروری، 2026 | سرکاری بل اور دیگر سرکاری امور۔ |
| جمعہ، مورخہ مورخہ 27 فروری، 2026 | غیر سرکاری اراکین کے امور (غیر سرکاری عہد)۔ |

☆☆☆☆

| | | |
|---|---|---|
| ■ معزز گورنر کا خطبہ | : | 01 یوم امور |
| ■ معزز گورنر کے خطبہ پر بحث ومباحثہ | : | 02 یوم امور |
| ■ 27-2026 کے آمدوخرچ پر عام تبادلہ خیال | : | 02 یوم امور |
| ■ مالی سال 26-2025 کے تیسرے تحتہ تفصیل اخراجات پر بحث و مباحثہ، سرکار کا جواب اور اس سے متعلق تصرف بل | : | 01 یوم امور |
| ■ مالی سال 27-2026 کے آمدوخرچ کے مطالبات زر پر بحث و مباحثہ اور اس سے متعلق تصرف بل | : | 09=1+08 یوم امور |
| ■ سرکاری بل ودیگر سرکاری امور | : | 02 یوم امور |
| ■ غیر سرکاری اراکین کے امور۔ (غیر سرکاری عہد) | : | 02 یوم امور |
| ■ کل نشست | : | 19 یوم امور |

# बिहार विधान सभा सचिवालय

पत्र संख्या-कार्य०का०सू०-02/2026- 122 /वि०स० ।

प्रेषक,

राजीव कुमार,
निदेशक,
बिहार विधान सभा, पटना ।

सेवा में,

माननीय सदस्यगण,
बिहार विधान सभा,
(माननीय मुख्यमंत्री / माननीय उप मुख्यमंत्रीगण / माननीय मंत्रीगण सहित)

पटना, दिनांक- 15 जनवरी, 2026 ई० ।

महोदय/महोदया,

निदेशानुसार सूचित करना है कि अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र में सोमवार दिनांक-02 फरवरी, 2026 को सभा की बैठक 11:00 बजे पूर्वा० से बिहार विधान सभा के सभा वेश्म में प्रारम्भ होगा तथा माननीय राज्यपाल का अभिभाषण बिहार विधान मंडल के विस्तारित भवन के सेन्ट्रल हॉल में 11:30 बजे पूर्वा० में प्रारम्भ होगा ।

सभा वेश्म में 11:00 बजे पूर्वा० की बैठक में प्रारंभिक औपचारिकताओं के उपरान्त माननीय अध्यक्ष महोदय विस्तारित भवन के मुख्य प्रवेश द्वार पर माननीय राज्यपाल महोदय की अगवानी के लिए प्रस्थान करेंगे । आप सभी माननीय सदस्यों से अपेक्षा है कि इस बीच आप विस्तारित भवन के सेन्ट्रल हॉल में अपना-अपना स्थान ग्रहण कर लेंगे । माननीय राज्यपाल के अभिभाषण की समाप्ति के तत्काल बाद पुनः आप सभी माननीय सदस्यगण विधान सभा वेश्म में वापस आकर अपना स्थान ग्रहण करेंगे । तत्पश्चात् सदन में आगे के निर्धारित कार्य निष्पादित किये जायेंगे ।

विश्वासभाजन,

15/1/26

(राजीव कुमार)
निदेशक,
बिहार विधान सभा, पटना ।

# बिहार विधान सभा सचिवालय

पत्र संख्या-कार्य०का०सू०-02/2026- 121 /वि०स० ।

प्रेषक,

राजीव कुमार,
निदेशक,
बिहार विधान सभा, पटना ।

सेवा में,

माननीय सदस्यगण
बिहार विधान सभा,
(माननीय मुख्यमंत्री / माननीय उप मुख्यमंत्रीगण / माननीय मंत्रीगण सहित)

पटना, दिनांक- 15 जनवरी, 2026 ई० ।

विषयः- भारत का संविधान के अनुच्छेद 176(1) के अधीन बिहार विधान मंडल के एक साथ समवेत अधिवेशन के संबंध में ।

महोदय/महोदया,

निदेशानुसार सूचित करना है कि अष्टादश बिहार विधान सभा का द्वितीय सत्र दिनांक 02.02.2026 से आहूत किया गया है । संसदीय कार्य विभाग के पत्र संख्या- सं०का०-1/वि०मं० (सत्र)-01-01/2026-73, दिनांक-14.01.2026 के अनुसार माननीय राज्यपाल दिनांक-02.02.2026 को 11.30 बजे पूर्वा० में संविधान के अनुच्छेद 176 के खण्ड (1) के अनुसार बिहार विधान मंडल के एक साथ समवेत दोनों सदनों को संबोधित करेंगे ।

माननीय राज्यपाल महोदय का संबोधन बिहार विधान मंडल के विस्तारित भवन के सेन्ट्रल हॉल में होगा ।

अतः आपसे उक्त तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होने के लिए अनुरोध करता हूँ ।

विश्वासभाजन,

15/1/26

(राजीव कुमार)
निदेशक,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-कार्य०का०सू०-02/2026- 121 /वि०स०, पटना, दिनांक- 15 जनवरी, 2026 ई० ।

प्रतिलिपि :- माननीय राज्यपाल के प्रधान सचिव, बिहार, पटना / महाधिवक्ता, बिहार, पटना / मुख्य सचिव, बिहार सरकार, पटना / सचिव, बिहार विधान परिषद्, पटना / सचिव एवं अपर सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना / निदेशक, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।

15/1/26

(राजीव कुमार)
निदेशक,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-कार्य०का०सू०-02/2026- 121 /वि०स०, पटना, दिनांक- 15 जनवरी, 2026 ई० ।

प्रतिलिपि :- समाचार सम्पादक / ब्यूरो प्रमुख, आकाशवाणी, पटना / दूरदर्शन केन्द्र, पटना / टाईम्स ऑफ इन्डिया, पटना / दि हिन्दुस्तान टाईम्स, पटना / हिन्दुस्तान, पटना/ दैनिक जागरण, पटना / दैनिक भास्कर, पटना / राष्ट्रीय सहारा, पटना / प्रभात खबर, पटना / आज, पटना / ब्यूरो प्रमुख, प्रेस ट्रस्ट ऑफ इन्डिया (वार्त्ता), पटना / ब्यूरो प्रमुख, प्रेस ट्रस्ट ऑफ इन्डिया (भाषा), पटना / सन्मार्ग, पटना / कौमी तंजीम, पटना / संगम डेली / यू०एन०आई०, पटना / एबीपी न्यूज / स्टार न्यूज / आज तक / जी०टी०भी० / एन०डी०टी०वी० / रोजाना / जी पुरवईया / इनविजन / सहारा टी०वी० / न्यूज 18 (ई०टी०वी० बिहार-झारखण्ड) / आज तक / न्यूज 24 / सहारा समय / एन०डी०टी०वी० / जी० न्यूज / टाइम्स नाऊ / रिपब्लिक टी०वी० / इंडिया न्यूज / जी०(बिहार/झारखण्ड) / कशिश न्यूज / न्यूज इंडिया / इंडिया टी०वी० / न्यूज नेशन को सूचनार्थ एवं प्रकाशन/प्रसारण हेतु प्रेषित ।

15/1/26

(राजीव कुमार)
निदेशक,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-कार्य०का०सू०-02/2026- 121 /वि०स०, पटना, दिनांक- 15 जनवरी, 2026 ई० ।

प्रतिलिपि :- आप्त सचिव, अध्यक्षीय कार्यालय / आप्त सचिव, उपाध्यक्षीय कार्यालय / प्रधान आप्त सचिव, सचिवीय कार्यालय को क्रमश: माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय एवं प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

15/1/26

(राजीव कुमार)
निदेशक,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-कार्य०का०सू०-02/2026- 121 /वि०स०, पटना, दिनांक- 15 जनवरी, 2026 ई० ।

प्रतिलिपि :- बिहार विधान सभा के निदेशकगण/ उप सचिवगण/ मुख्य प्रतिवेदक/ श्रव्य एवं दृश्य इकाई, बिहार विधान सभा को सूचनार्थ प्रेषित ।

15/1/26

(राजीव कुमार)
निदेशक,
बिहार विधान सभा, पटना ।

# बिहार विधान सभा सचिवालय

पत्र संख्या-कार्य०का०सू०-02/2026- 124 /वि०स० ।

प्रेषक,

राजीव कुमार,
निदेशक,
बिहार विधान सभा, पटना ।

सेवा में,

माननीय सदस्यगण,
बिहार विधान सभा,
(माननीय मुख्यमंत्री / माननीय उप मुख्यमंत्रीगण / माननीय मंत्रीगण सहित)

पटना, दिनांक- 15 जनवरी, 2026 ई० ।

विषय:- माननीय राज्यपाल के अभिभाषण के अवसर पर यातायात नियंत्रण के संबंध में ।

महोदय/महोदया,

दिनांक- 02 फरवरी, 2026 को बिहार विधान मंडल के विस्तारित भवन के सेन्ट्रल हॉल में होने वाले माननीय राज्यपाल के अभिभाषण के अवसर पर यातायात नियंत्रण के संबंध में निदेशानुसार सूचित करना है कि सभा भवन की प्रसीमा में प्रवेश करने हेतु सभी द्वार उस दिन 11.15 बजे पूर्वाह्न में यथापूर्व की भांति इस बार भी बन्द हो जायेंगे ।

2. यदि कोई सदस्य, पूर्वाह्न 11.15 के पश्चात आयेंगे तो वे सभा भवन के मुख्य बरसाती होकर सभा भवन में प्रवेश करेंगे और बिहार विधान मंडल के विस्तारित भवन के सेन्ट्रल हॉल, पटना में अपना स्थान ग्रहण करेंगे तथा अपनी गाड़ियों को पूरब वाले फाटक के बाहर मैदान में लगाने की कृपा करेंगे ।

इसमें आपका सहयोग प्रार्थित है ।

विश्वासभाजन,
15/1/26
(राजीव कुमार)
निदेशक,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-कार्य०का०सू०-02/2026- 124 /वि०स०, पटना, दिनांक- 15 जनवरी, 2026 ई० ।

प्रतिलिपि :- राज्यपाल के प्रधान सचिव, बिहार, पटना / सचिव, बिहार विधान परिषद्, पटना / पुलिस महानिदेशक, बिहार एवं पुलिस महानिरीक्षक, (मुख्यालय), बिहार, पटना / जिला पदाधिकारी, पटना / वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

15/1/26
(राजीव कुमार)
निदेशक,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-कार्य०का०सू०-02/2026- 124 /वि०स०, पटना, दिनांक- 15 जनवरी, 2026 ई० ।

प्रतिलिपि :- आप्त सचिव, अध्यक्षीय कार्यालय / आप्त सचिव, उपाध्यक्षीय कार्यालय / प्रधान आप्त सचिव, सचिवीय कार्यालय को क्रमशः माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय एवं प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

15/1/26

(राजीव कुमार)
निदेशक,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-कार्य०का०सू०-02/2026-124 /वि०स०, पटना, दिनांक- 15 जनवरी, 2026 ई० ।

प्रतिलिपि :- प्रधान मार्शल / अवधायक शाखा, बिहार विधान सभा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

15/1/26

(राजीव कुमार)
निदेशक,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप सं०-कार्य०का०सू०-02/2026-124 /वि०स०, पटना, दिनांक-15 जनवरी, 2026 ई० ।

प्रतिलिपि :- बिहार विधान सभा के निदेशकगण/ उप सचिवगण को सूचनार्थ प्रेषित ।

15/1/26

(राजीव कुमार)
निदेशक,
बिहार विधान सभा, पटना ।

# बिहार विधान सभा सचिवालय

## अष्टादश बिहार विधान सभा का द्वितीय सत्र

## प्रश्नों के लिए चक्रानुवर्तित क्रम

निम्नलिखित तालिका के अनुसार दिनांक 02 फ़रवरी,2026 से 27 फ़रवरी,2026 तक होने वाले द्वितीय सत्र में माननीय सदस्यों के अल्पसूचित एवं तारांकित प्रश्न सदन में लिए जायेंगे:

| वर्ग | मंत्री | विभाग | निर्धारित तिथियाँ |
|---|---|---|---|
| प्रथम वर्ग (सोमवार ) | प्रभारी मंत्री | गृह विभाग, वाणिज्यकर विभाग, वित्त विभाग , मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग (मंत्रिमंडल सचिवालय, राजभाषा कार्यक्रम कार्यान्यवन ), सिविल विमानन विभाग ,निगरानी विभाग, गन्ना उद्योग विभाग, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग, उद्योग विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, सूचना प्रावैधिकी विभाग तथा निर्वाचन विभाग। | 09,16,23 फ़रवरी,2026 |
| द्वितीय वर्ग (मंगलवार) | प्रभारी मंत्री | शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग , खान एवं भूतत्व विभाग, मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, समाज कल्याण विभाग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, परिवहन विभाग, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनिकी शिक्षा विभाग कला एवं संस्कृति विभाग, खेल विभाग तथा युवा , रोजगार एवं कौशल विकास विभाग । | 03,10,17,24 फ़रवरी,2026 |
| तृतीय वर्ग (बुधवार) | प्रभारी मंत्री | ग्रामीण कार्य विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, जल संसाधन विभाग, लघु जल संसाधन विभाग, पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण विभाग तथा श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग । | 11,18,25 फ़रवरी,2026 |
| चतुर्थ वर्ग (वृहस्पतिवार) | प्रभारी मंत्री | कृषि विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, डेयरी ,मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग तथा सहकारिता विभाग । | 05,12,19,26 फ़रवरी,2026 |
| पंचम वर्ग (शुक्रवार) | प्रभारी मंत्री | ऊर्जा विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग, पर्यटन विभाग, योजना एवं विकास विभाग, संसदीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं विधि विभाग | 06,13,20,27 फ़रवरी,2026 |

प्रश्नों की सूचनाएँ प्राप्त करने की अंतिम तिथि निम्न प्रकार है :-

"क" तारांकित

| वर्ग-1 | वर्ग-2 | वर्ग-3 | वर्ग-4 | वर्ग-5 |
|---|---|---|---|---|
| 09.02.2026 | 10.02.2026 | 11.02.2026 | 12.02.2026 | 13.02.2026 |

"ख" अल्पसूचित

| वर्ग-1 | वर्ग-2 | वर्ग-3 | वर्ग-4 | वर्ग-5 |
|---|---|---|---|---|
| 16.02.2026 | 17.02.2026 | 18.02.2026 | 19.02.2026 | 20.02.2026 |

नोटः- 1. सभी तिथियों को प्रश्न 3.00 बजे अपराह्न तक प्राप्त किए जायेंगे ।

2. ऑनलाइन प्रश्न नेवा पोर्टल के cmsbla.neva.gov.in या cms.neva.gov.in के माध्यम से लिए जाएँगे। इससे संबंधित user ID एवं password सभी माननीय सदस्यो को SMS के माध्यम से भेजा जा चुका है।

3. ऑफलाईन प्रश्न प्राप्त करने की प्रक्रिया पूर्ववत रहेगी ।

अध्यक्ष, बिहार विधान सभा के आदेश से,
( विश्वजीत कुमार )
उप सचिव
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञापांकः प्रश्न विविध-01/2025 - 45 /वि०स०, पटना, दिनांक- 15/01/2026

प्रतिलिपिः बिहार विधान सभा के माननीय सदस्यगण/ माननीय मुख्यमंत्री /माननीय उप मुख्यमंत्रीगण /माननीय मंत्रिगण / मुख्य सचिव, बिहार सरकार/ राज्यपाल के प्रधान सचिव/ लोकायुक्त के आप्त सचिव / सचिव, बिहार विधान परिषद् /बिहार सरकार के सभी विभाग /मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग/ संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

उप सचिव
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञापांकः प्रश्न विविध-01/2025- 45 /वि०स०, पटना, दिनांक- 15/1/2026

प्रतिलिपिः संयुक्त निदेशक,अध्यक्षीय कार्यालय / आप्त सचिव , उपाध्यक्षीय कार्यालय एवं प्रधान आप्त सचिव, सचिवीय कार्यालय को क्रमशः माननीय अध्यक्ष महोदय ,माननीय उपाध्यक्ष महोदय एव प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा, पटना के सूचनार्थ प्रेषित ।

उप सचिव
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञापांकः प्रश्न विविध-01/2025- 45 /वि०स०, पटना, दिनांक- 15/01/2026

प्रतिलिपिः सभी निदेशक / सभी उप सचिव / संयुक्त निदेशक / सभी अवर सचिव/नेवा सेवा केंद्र/ श्रव्य एवं दृश्य इकाई शाखा/ सूचना शाखा / प्रश्न शाखा के सभी पदाधिकारीगण एवं कर्मचारीगण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

उप सचिव
बिहार विधान सभा, पटना ।

# बिहार विधान सभा सचिवालय

## शलाकन का कार्यक्रम

अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के कार्यक्रमानुसार माननीय सदस्यों के अल्पसूचित एवं तारांकित प्रश्नों की सूचना की पूर्वता निर्धारित करने के लिए शलाकन निम्न तालिका के अनुसार सभा भवन स्थित सचिव के कार्यालय कक्ष में 3.00 बजे अपराह्न में होगी :-

| प्रश्न वर्ग | मौखिक उत्तर देने की तिथि | अल्पसूचित प्रश्न | तारांकित प्रश्न |
|---|---|---|---|
| वर्ग-1 | 09.02.2026<br>16.02.2026<br>23.02.2026 | 05.02.2026<br>12.02.2026<br>19.02.2026 | 02.02.2026<br>09.02.2026<br>16.02.2026 |
| वर्ग-2 | 03.02.2026<br>10.02.2026<br>17.02.2026<br>24.02.2026 | 30.01.2026<br>06.02.2026<br>13.02.2026<br>20.02.2026 | 27.01.2026<br>03.02.2026<br>10.02.2026<br>17.02.2026 |
| वर्ग-3 | 11.02.2026<br>18.02.2026<br>25.02.2026 | 06.02.2026<br>13.02.2026<br>20.02.2026 | 05.02.2026<br>11.02.2026<br>18.02.2026 |
| वर्ग-4 | 05.02.2026<br>12.02.2026<br>19.02.2026<br>26.02.2026 | 02.02.2026<br>09.02.2026<br>16.02.2026<br>23.02.2026 | 29.01.2026<br>05.02.2026<br>12.02.2026<br>19.02.2026 |
| वर्ग-5 | 06.02.2026<br>13.02.2026<br>20.02.2026<br>27.02.2026 | 02.02.2026<br>09.02.2026<br>16.02.2026<br>23.02.2026 | 30.01.2026<br>06.02.2026<br>13.02.2026<br>20.02.2026 |

- अल्पसूचित एवं तारांकित प्रश्नों की सूचना देने वाले माननीय सदस्य (यदि चाहें तो) प्रश्नों के लिए ऊपर नियत शलाकन की तिथि को उपस्थित हो सकते हैं।
- प्रश्नों के संबंध में बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के उपबंध यथावत लागू रहेंगे ।
- शलाकन केवल स्वीकृत अल्पसूचित एवं तारांकित प्रश्नों के लिए ही होगा ।

अध्यक्ष, बिहार विधान सभा के आदेश से,

15/1/2026

( विश्वजीत कुमार )

उप सचिव

बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञापांक-वि०वि० प्रश्न विविध-01/2025- 46 / वि०स०, पटना, दिनांक- 15/1/2026

प्रतिलिपि :- बिहार विधान सभा के सभी माननीय सदस्यगण के सूचनार्थ प्रेषित।

15/1/2026

उप सचिव

बिहार विधान सभा, पटना।